अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 6 अप्रैल 2026
वैशाख कृष्ण चतुर्थी
विक्रम संवत 2083

भरतनाट्यम की प्रस्तुति से मोह लिया मन

स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में भरतनाट्यम प्रस्तुत करते कलाकार। स्रोत : संस्था

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में में रविवार को भरतनाट्यम प्रस्तुति 'अमृत मंथन' का आयोजन किया गया। इसमें घुंघरुओं की खनक और संगीत की लय पर भरतनाट्यम गुरुओं और विद्यार्थियों अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का आगाज भरतनाट्यम के विद्यार्थियों आद्या, मेहर, अवंतिका, अनिका, अनंशी, चिरन्य, मायरा, पायरा, वंदिगी, राध्या, आन्वी, भव्या, सान्वी, संस्कृति, अनुरिति, साव्या, अश्विता, प्राग्वी, शाम्भवी ने भैरवाष्टकम पर अपनी शानदार प्रस्तुति से किया। फिर अष्टलिंगम, तन्तवम शिव-शिव शंकर, चंद्रचूड़ और बंगाली गीत आछे जामाई दिगंबर पर अपनी नृत्य प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए रोबिन ए और तनया भट्टाचार्य भी मंच पर आए। रोबिन ए ने अर्धनारीश्वर और तनया भट्टाचार्य ने शिव सदाक्षरा स्तोतम पर अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन कर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष कुमार और दीपाली सक्सेना ने किया।

इस इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना मौजूद रहे। संवाद